आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 09.05.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं और कुम्भ मेला—2027 से जुड़े कार्यों के लिए एक हजार छियानब्बे करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- भारत सरकार द्वारा जारी पीजीआई रैंकिंग 2024—25 में उत्तराखंड ने उल्लेखनीय सुधार करते हुए देशभर में 15वां स्थान हासिल किया।
- टिहरी जिले के जाखणीधार विकासखंड स्थित पाली गांव को "अखरोट ग्राम" के रूप में विकसित किया जाएगा।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नियमित समीक्षा कर उन्हें तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

**स्वीकृति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं और कुम्भ मेला—2027 से जुड़े कार्यों के लिए एक हजार छियानब्बे करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

स्वीकृत योजनाओं में पुल और पार्किंग निर्माण, शहरी निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं को धनराशि जारी करना, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के कार्मिकों के वेतन भुगतान के कार्य भी शामिल हैं।

इसके अलावा हरिद्वार में सड़क नवीनीकरण, जंक्शन सुधार और सौंदर्यीकरण के साथ ही रोड स्वीपिंग मशीनों की आपूर्ति से जुड़े कार्यों को भी मंजूरी दी गई है।

**पीजाई इंडेक्स**

भारत सरकार द्वारा जारी परफारमेंस ग्रेडिंग इंडेक्स—पीजीआई रैंकिंग 2024—25 में उत्तराखंड ने उल्लेखनीय सुधार करते हुए देशभर में 15वां स्थान हासिल किया है। पिछले वर्ष राज्य 24वें स्थान पर था। राज्य को 'आकांक्षी—1' श्रेणी से आगे बढ़कर 'प्रचेष्टा—3' श्रेणी में स्थान मिला है। एक रिपोर्ट—

**विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसे राज्य सरकार की नीतियों, शिक्षकों की मेहनत और विभागीय निगरानी का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के तहत किए जा रहे सुधार अब परिणाम देने लगे हैं।**

**राज्य ने विभिन्न सूचकांकों में कुल 584 दशमलव पांच अंक प्राप्त किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हैं। समानता एवं समावेशन, भ्रासन, पहुंच, आधारभूत संरचना, शिक्षक प्रशिक्षण और लर्निंग आउटकम्स जैसे क्षेत्रों में राज्य का प्रदर्शन बेहतर रहा है।**
**शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं और डिजिटल शिक्षा को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में राज्य की रैंकिंग में और सुधार हो सके।**

**<u>समीक्षा</u>**

सचिव संस्कृत शिक्षा, जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन दीपक कुमार ने चमोली कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं, सीएम हेल्पलाइन, जनगणना, जल जीवन मिशन, स्वरोजगार, सड़क, पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित कई योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

सचिव ने अधिकारियों को सरकारी कार्यालयों में हिंदी के साथ संस्कृत भाषा में भी नाम पट्टिकाएं लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनगणना कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय से एक सप्ताह पहले कार्य पूरा करने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में होम स्टे योजना को प्रभावी बनाने, स्वरोजगार योजनाओं में तेजी लाने और जनसमस्याओं के समयबद्ध समाधान पर जोर दिया गया। सचिव ने जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर समन्वय के साथ समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंच सकें।

**<u>सैद्धांतिक मंजूरी</u>**

अल्मोड़ा जिले के मोलेखाल बाजार में पार्किंग निर्माण परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। राज्य सचिवालय में आयोजित बैठक में 5 करोड़ 91 लाख रुपये से अधिक के प्रस्ताव को तकनीकी समीक्षा के बाद आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता सचिव आवास एवं राज्य संपत्ति डॉ. आर. राजेश कुमार ने की। बैठक में बताया गया कि पर्वतीय भौगोलिक परिस्थितियों के कारण परियोजना में विशेष निर्माण तकनीकों की आवश्यकता होगी। अधिकारियों ने जानकारी दी कि क्षेत्र में बढ़ते वाहनों के कारण पार्किंग की समस्या लगातार गंभीर हो रही है।

बैठक में परियोजना स्थल के ड्रोन सर्वे और परीक्षण की जानकारी भी दी गई, जिसमें चयनित स्थान को पार्किंग निर्माण के लिए उपयुक्त पाया गया।

डॉ. आर. राजेश कुमार ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणाओं से जुड़े मामलों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि लंबित पत्रावलियां एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाएं, ताकि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

## लोकार्पण क्रिकेट मैदान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ के सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्टेडियम में उच्चीकृत क्रिकेट मैदान का लोकार्पण कर इसे जनपदवासियों को समर्पित किया।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों और युवाओं से संवाद करते हुए उनके साथ क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेल गतिविधियों में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे के खिलाफ शपथ दिलाते हुए नशामुक्त अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल सुविधाओं को मजबूत करने और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## अखरोट ग्राम

टिहरी जिले के जाखणीधार विकासखंड स्थित पाली गांव को "अखरोट ग्राम" के रूप में विकसित किया जाएगा। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने ग्रामीणों द्वार बंजर खेतों में लगाए गए अखरोट के पौधों और विकसित किए गए बगीचों को गांववासियों को समर्पित करते हुए यह घोषणा की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास लोगों को बंजर हो रही भूमि को फिर से बागवानी और कृषि के उपयोग में लाने के लिए प्रेरित करेंगे।

वहीं, प्रभारी जिलाधिकारी कृषि विज्ञान डॉ आलोक ने बताया कि गांव को अखरोट ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए किसानों को अखरोट की प्रजातियों और उर्वरक प्रबंधन की जानकारी दी गई है।

**समीक्षा**

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सचिवालय में राज्य प्रगति के तहत विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नियमित समीक्षा कर उन्हें तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में नैनीताल और नरेंद्रनगर की सीवरेज तथा एसटीपी परियोजनाओं, हल्द्वानी–काठगोदाम जल आपूर्ति योजना और अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को लंबित मामलों का शीघ्र समाधान कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और वीरचंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना की भी समीक्षा की और कहा कि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग, बैंक समन्वय मजबूत करें। उन्होंने महत्वपूर्ण योजनाओं का हर पांच साल में मूल्यांकन कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मिशन एप्पल योजना की समीक्षा के दौरान क्लस्टर आधारित खेती को बढ़ावा देने, किसानों को बेहतर सहायता उपलब्ध कराने और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए कोल्ड स्टोरेज जैसी व्यवस्थाओं पर भी जोर दिया गया।

**राहत** राशि

चमोली जिले के गौणा गांव के भनाली तोक में आकाशीय बिजली गिरने से मारी गई बकरियों के पशुपालकों को जिला प्रशासन ने राहत राशि वितरित की है। राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे ने प्रभावित पशुपालकों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए।

गौरतलब है कि चार मई को आकाशीय बिजली गिरने से 30 पशुपालकों की 413 बकरियों की मौत हो गई थी। घटना के बाद जिलाधिकारी गौरव कुमार के निर्देश पर वन विभाग और तहसील प्रशासन ने जांच कर रिपोर्ट तैयार की थी।

रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने 30 पशुपालकों को कुल 16 लाख 52 हजार रुपये की राहत राशि वितरित की।

**अब एक नजर समाचार पत्र की सुखियों पर–**

हाल में सम्पन्न विधानसभा चुनाव वाले राज्य पश्चिम बंगाल में सरकार गठन की प्रक्रिया पर अधितकर समाचार पत्रों की नजर हैं। अमर उजाला लिखता है– शुभेंदु अधिकारी बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री होंगे, ताजपोशी आज। हिन्दुस्तान की सुर्खी है–शुभेंदु संभालेंगे बंगाल में सत्ता।

प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वित्तीय मंजूरी पर अमर उजाला ने लिखा है योजनाओं के लिए 1 हजार 96 करोड की वित्तीय मंजूरीं। दैनिक जागरण की सुर्खी है शहरी निकायों ,पंचायतों और कुंभ के लिए सीएम ने दिए 1 हजार 96 करोड।